उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक
(प्रायोजक– भारतीय स्टेट बैंक)
UTTARAKHAND GRAMIN BANK
(SPONSORED BY - STATE BANK OF INDIA)

उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के समस्त सम्मानित ग्राहकों से अपील

बैंक डेबिट कार्ड से खरीददारी पर 0.25% की Cash Back की सुविधा

दिनांक 09 नवम्बर 2016 से भारत सरकार द्वारा करेंसी नोट रू0 1000/– व रू. 500/– को प्रचलन से बाहर किये जाने के कारण हमारे हर संभव प्रयासों के बावजूद भी अल्पकाल के लिये हमारे बैंक ग्राहकों को भी कतिपय कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है जिसके लिये हमें खेद है। जिस प्रकार इस दौरान हमारे समस्त सम्मानित ग्राहकों द्वारा धैर्य का परिचय दिया गया है इसके लिये हम अपने समस्त ग्राहकों का आभार व्यक्त करते हैं तथा उनसे अपील करते हैं कि वह कुछ समय के लिये धैर्य बनाये रखें यह कमी शीघ्र ही दूर कर ली जायेगी।

इसी क्रम में हमारे द्वारा अपने समस्त ग्राहकों के लिये दिनांक 09 नवम्बर 2016 से दिनांक 30 दिसम्बर 2016 तक उनके द्वारा डेबिट कार्ड के माध्यम से खरीददारी किये जाने पर 0.25% की Cash Back अधिकतम रू. 1000/– की सुविधा प्रदान की जायेगी। यह कैश बैंक की धनराशि स्वतः ही उनके खाते में दिनांक 20 जनवरी 2017 को जमा कर दी जायेगी।

अतः अपने समस्त सम्मानित ग्राहकों से अनुरोध है कि वह उक्त योजना का लाभ उठायें।

पुनः अवगत कराना है कि इस दौरान समस्त बैंक ATMs पर निशुल्क कैश उपलब्ध कराया जा रहा है अतः आप किसी भी बैंक के ATM से कैश सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

हमारा अपने सभी सम्मानित ऋणी ग्राहकों से अनुरोध है कि वह अपने ऋण खातों में लगातार लेनदेन करते रहें तथा अपने समस्त ऋण खातों को मानक आस्ति बनाये रखें ताकि भविष्य में उनकी ऋण पात्रता बनी रहे। कतिपय कारणों से ऋण खाते का एनपीए हो जाने के कारण उनमें वसूली जमा करवा कर मानक आस्ति बनायें।

अध्यक्ष

दिनांकः 17.11.2016 **उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक**